B-20

# हैदराबाद विश्वविद्यालय
# UNIVERSITY OF HYDERABAD
## प्रवेश परीक्षा, फरवरी २०१३
## ENTRANCE EXAMINATIONS, FEBRUARY 2013
## एम०ए० (हिन्दी)
## M.A. (HINDI)

**समय : 2 घंटे** | **पूर्णांक : 100**
**Time : 2 Hours** | **Maximum Marks : 100**

**Hall Ticket No.** ______________

---

**Instructions to the Candidate**

1. The question paper consists of Objective type Questions only..
2. The correct option is to be filled in the **OMR sheet** provided to you.

   Note : (a) There is negative marking.
   0.33 marks will be deducted for each wrong answer.

   (b) No mark will be deducted for an unanswered bit.

3. Hand over the OMR answer sheet at the end of the examination to the Invigilator.

B-20

# हैदराबाद विश्वविद्यालय
## UNIVERSITY OF HYDERABAD
## प्रवेश परीक्षा, फरवरी २०१३
## ENTRANCE EXAMINATIONS, FEBRUARY 2013
## एम०ए० (हिन्दी)
## M.A. (HINDI)
## वस्तुनिष्ठ प्रश्न
## OBJECTIVE TYPE QUESTIONS

**Hall Ticket No.** ________________ **Maximum Marks : 100**

---

**सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिनमें केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर चुनकर दिए गए OMR शीट पर यथास्थान चिन्हित कीजिए।**

1. सिद्धों और नाथों की संख्या क्रमशः इस तरह थी:
   (A) 81, 6 (B) 82, 7
   (C) 84, 9 (D) 85, 10

2. हिंदी साहित्य के इतिहास में आदिकाल को वीरगाथा काल नाम किसने दिया है?
   (A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) रामचंद्र शुक्ल
   (C) राहुल सांकृत्यायन (D) इनमें से कोई नहीं

3. राहुल सांकृत्यायन ने हिंदी का पहला कवि किसे माना है?
   (A) नागार्जुन (B) राहुल्पा
   (C) सरहपा (D) भाद्रपा

4. आल्हा और ऊदल के वीर चरित का सम्बन्ध किस कवि से है?
   (A) श्रीधर (B) जगनिक
   (C) चंदबरदाई (D) इनमें से कोई नहीं

5. '*एक थाल मोती से भरा। सबके सिर पर औंधा धरा।।*' के रचनाकार कौन हैं?
   (A) अमीर खुसरो (B) खुमान रासो
   (C) बिहारी (D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

6. *'आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं'* - आचार्य रामचंद्र शुक्ल का यह कथन किस कवि के संदर्भ में है?

(A) तुलसीदास (B) सूरदास

(C) विद्यापति (D) कबीरदास

7. प्रसिद्ध भक्त कवि नामदेव का सम्बन्ध किस प्रदेश से है?

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र

(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

8. *'बीजक'* किस कवि की कविताओं का संग्रह है:

(A) रामानंद (B) ज्ञानदेव

(C) कबीर (D) दादू

9. *'पद्मावत'* महाकाव्य की रचना किसने की:

(A) कबीर (B) दादू

(C) जायसी (D) मलूकदास

10. *गुरु ग्रन्थ साहिब* में किसके पद संकलित हैं?

(A) सूरदास (B) गुरु नानक देव

(C) जायसी (D) तुलसीदास

11. *'भक्तमाल'* किसकी रचना है?

(A) अग्रदास (B) नाभादास

(C) केशवदास (D) परमानन्द दास

12. इनमें से किस कवि का सम्बन्ध अष्टछाप से नहीं है?

(A) नंददास (B) सूरदास

(C) चतुर्भुज दास (D) रसखान

13. *'पुष्टिमार्ग को जहाज जात है सो जाको कछु लेना होय सो लेउ'* - यह पंक्ति किसकी है और किसके लिए है?

(A) विट्ठलनाथ की सूरदास के लिए (B) नाभादास की नंददास के लिए

(C) कुम्भनदास की छीतस्वामी के लिए (D) इनमें से कोई नहीं

14. सूरदास का संबंध किस शाखा से था:
    (A) शैव (B) राम भक्ति
    (C) शाक्त (D) कृष्ण भक्ति

15. '*विनयपत्रिका*' किसकी रचना है?
    (A) तुलसीदास (B) सूरदास
    (C) नंददास (D) परमानंददास

16. '*मृगावती*' किसकी रचना है?
    (A) उस्मान (B) कुतुबन
    (C) मंझन (D) इनमें से कोई नहीं

17. '*अखरावट*' किसकी रचना है?
    (A) रसखान (B) जायसी
    (C) मंझन (D) इनमें से कोई नहीं

18. '*अष्टछाप*' के संस्थापक थे:
    (A) विट्ठलनाथ (B) रामानंद
    (C) मध्वाचार्य (D) इनमें से कोई नहीं

19. '*अंसुवन जल सींचि-सींचि प्रेम बल बोई*' - किसकी रचना है:
    (A) आंडाल (B) मीराबाई
    (C) महादेवी वर्मा (D) इनमें से कोई नहीं

20. 'विशिष्टद्वैतवाद' के प्रवर्तक थे:
    (A) शंकराचार्य (B) रामानुजाचार्य
    (C) मध्वाचार्य (D) निम्बार्काचार्य

21. आचार्य शुक्ल ने रीतिकाव्य की परंपरा का प्रवर्तक किसे माना है?
    (A) केशवदास (B) मतिराम
    (C) चिंतामणि त्रिपाठी (D) पद्माकर

22. इनमें किस कवि ने वीरतापरक काव्य लिखा?
    (A) चिंतामणि (B) रसखान
    (C) भूषण (D) बिहारी

B-20

23. '*सुजान*' किस कवि की रचना से सम्बंधित है:

(A) ठाकुर (B) घनानंद

(C) बोधा (D) आलम

24. जिन कवियों ने शास्त्रीय ढंग पर लक्षण उदहारण प्रस्तुत कर अपने ग्रंथों की रचना की है - वे क्या कहलाते हैं?

(A) रीतिबद्ध (B) रीतिसिद्ध

(C) रीतिमुक्त (D) इनमें से कोई नहीं

25. राम चंद्रिका की रचना केशवदास ने किस ग्रन्थ की प्रतिस्पर्धा में की था?

(A) वाल्मिकी रामायण (B) कृतिवास रामायण

(C) कंब रामायण (D) रामचरितमानस

26. '*चंडीचरित्र*' की रचना किसने की है?

(A) भूषण (B) श्रीधर

(C) वृन्द (D) गुरु गोविंद सिंह

27. भारतेंदु का कविकर्म किस भाषा से जुड़ा हुआ है?

(A) खड़ी बोली (B) ब्रजभाषा

(C) अवधी (D) इनमें से कोई नहीं

28. '*भारत दुर्दशा*' नाटक किसने लिखा?

(A) भारतेंदु (B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बालमुकुन्द गुप्त (D) लाला श्रीनिवासदास

29. '*हिंदी, हिन्दू, हिन्दुस्तान*' - का नारा किसने दिया था?

(A) मदनमोहन मालवीय (B) लाला श्रीनिवासदास

(C) प्रतापनारायण मिश्र (D) बालमुकुन्द गुप्त

30. '*बालाबोधिनी*' पत्रिका के संपादक थे :

(A) शिवप्रसाद सितारे हिन्द (B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) अज्ञेय

B-20

31. '*सरस्वती*' पत्रिका के संपादक थे:
   (A) मैथिलीशरण गुप्त (B) रामनरेश त्रिपाठी
   (C) जगन्नाथ दास रत्नाकर (D) महावीरप्रसाद द्विवेदी

32. '*प्रियप्रवास*' के कवि कौन हैं?
   (A) नाथूराम शर्मा (B) गोकुलचंद्र शर्मा
   (C) श्रीधर पाठक (D) हरिऔध

33. '*साकेत*' महाकाव्य किसने लिखा:
   (A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) मैथिलीशरण गुप्त
   (C) आचार्य शुक्ल (D) हरिऔध

34. '*छायावाद का घोषणा पत्र*' - किसे कहा जाता है:
   (A) 'पल्लव' की भूमिका (B) 'अनामिका' की भूमिका
   (C) 'राम की शक्ति पूजा' (D) इनमें से कोई नहीं

35. इनमें से कौन-सी कविता निराला की नहीं है:
   (A) राम की शक्ति पूजा (B) सरोजस्मृति
   (C) कुकुरमुत्ता (D) परिवर्तन

36. छायावाद का कालखंड है:
   (A) 1918 से 1936 (B) 1920 से 1940
   (C) 1922 से 1942 (D) 1942 से 1945

37. 'कामायनी' में *मनु* मन के, श्रद्धा हृदय की प्रतीक हैं तो *इड़ा* किसकी प्रतीक हैं:
   (A) ज्ञान (B) बुद्धि
   (C) संवेदना (D) चेतना

38. '*प्रलय की छाया*' किसकी कविता है?
   (A) निराला (B) सुमित्रानंदन पन्त
   (C) महादेवी (D) जयशंकर प्रसाद

39. इनमें से कौन-सी रचना हरिवंश राय बच्चन की नहीं है:
   (A) मधुशाला (B) मधुबाला
   (C) मधुकलश (D) मधुकुसुम

40. भारत में *प्रगतिशील लेखक संघ* की स्थापना कब हुई थी:
(A) 1933 (B) 1934
(C) 1936 (D) 1940

41. 'कफ़न' कहानी किसने लिखी?
(A) निराला (B) प्रेमचंद
(C) अज्ञेय (D) यशपाल

42. जहाँ पहुंचा न जा सके उसे कहते हैं:
(A) अगम्य (B) अनजान सम्बन्ध
(C) अगम (D) अकथ

43. 'Register' शब्द का हिन्दी प्रतिरूप है:
(A) पंजीकरण (B) नामांकन
(C) प्रयुक्ति (D) प्रयोक्ता

44. *सभा* शब्द इस संज्ञा का प्रकार है:
(A) समूहवाचक (B) द्रव्यवाचक
(C) जातिवाचक (D) व्यक्तिवाचक

45. हिन्दी भाषा का उद्भव किस अपभ्रंश से माना जाता है?
(A) अवधी (B) ब्रज
(C) शौरसेनी (D) पालि

46. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है:
(A) आशिर्वाद (B) आशीर्वाद
(C) आर्शीवाद (D) आर्शिवाद

47. *'अंगार उगलना'* का अर्थ है:
(A) क्रोधित होना (B) आग लगाना
(C) आक्रमण करना (D) इनमें से कोई नहीं

48. 'Section' शब्द का समतुल्य है:
(A) कार्यसूची (B) अनुभाग
(C) नियमावली (D) निपटान

...7

B-20

49. 'Research' शब्द का समतुल्य है:

(A) अनुसंधान (B) अन्वेषण

(C) खोज (D) पूछताछ

50. 'उपासना' शब्द का अर्थ नहीं है:

(A) आराधना (B) अर्चना

(C) सेवा (D) आनंद

51. *'बिनु पग चलै सुनै बिन काना'* में कौन-सा अलंकार है:

(A) विभावना (B) उत्प्रेक्षा

(C) अनयुक्त (D) विरोधाभास

52. 'मैंने मास्टरजी से ... कि मुझे क्षमा कर दें', इस वाक्य में खाली स्थान को उपयुक्त क्रिया पद से पूरा करें:

(A) कहा (B) बताया

(C) निवेदन किया (D) बोला

53. इनमें से कौन-सा शब्द अशुद्ध है:

(A) अतिथी (B) कालिदास

(C) अभिनेता (D) अभिमान

54. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है:

(A) तिलांजली (B) वाल्मीकी

(C) शांती (D) साप्ताहिक

55. 'Investment' शब्द का हिंदी अनुवाद क्या होगा:

(A) निवेश (B) विनिवेश

(C) बचत (D) व्यापार

56. इनमें से कौन- सा शब्द 'आँख' का पर्यायवाची नहीं है:

(A) दृग (B) नयन

(C) लोचन (D) इंदु

57. *आँखें बिछाना* मुहावरा का अर्थ है:
    (A) बहुत खुश होना (B) आँखे दुखना
    (C) स्वागत करना (D) उदास हो

58. इनमें से कौन- सा शब्द 'हाथी' का पर्यायवाची नहीं है:
    (A) वनराज (B) कुंजर
    (C) गज (D) हस्ती

59. 'गायक' शब्द का विच्छेद होगा:
    (A) गा + अक (B) गै + इका
    (C) गै + अक (D) गा + यक

60. 'भारतीय' शब्द का विच्छेद होगा:
    (A) भा + आर (B) भारत + ईय
    (C) भारत + इय (D) भार + तीय

61. '*संशयात्मा*' किसका काव्य संग्रह है:
    (A) अरुण कमल (B) राजेश जोशी
    (C) ज्ञानेंद्रपति (D) वीरेन डंगवाल

62. '*आवारा मसीहा*' किसके जीवन पर आधारित है?
    (A) बंकिमचंद्र (B) स्वामी विवेकानंद
    (C) शरतचंद्र (D) रविंद्रनाथ टैगोर

63. '*व्योमकेश दरवेश*' के लेखक हैं:
    (A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) नामवर सिंह
    (C) शिवप्रसाद सिंह (D) विश्वनाथ त्रिपाठी

64. '*मुर्दहिया*' की विधा है:
    (A) उपन्यास (B) जीवनी
    (C) आत्मकथा (D) संस्मरण

65. '*रसगंगाधर*' के लेखक हैं:
    (A) क्षेमेन्द्र (B) विश्वनाथ
    (C) पंडितराज जगन्नाथ (D) मम्मट

66. *'हिंदी साहित्य का इतिहास'* नामक पुस्तक किसने लिखी?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) नामवर सिंह

(C) उदय प्रकाश (D) विजयदेवनारायण साही

67. 'कल्पना' पत्रिका का सम्बन्ध किस नगर से है:

(A) इलाहाबाद (B) अहमदाबाद

(C) औरंगाबाद (D) हैदराबाद

68. *'बिहारी सतसई'* में किसके काव्य का संकलन हुआ है?:

(A) मतिराम (B) केशवदास

(C) बिहारीलाल (D) पद्माकर

69. इनमें से कौन सी पुस्तक राम विलास शर्मा की नहीं है:

(A) निराला की साहित्य साधना (B) भाषा और समाज

(C) भाषा, युगबोध और कविता (D) संस्कृति के चार अध्याय

70. इनमें से कौन-सा उपन्यास मैत्रेयी पुष्पा का नहीं है:

(A) चाक (B) शेष कादम्बरी

(C) अल्मा कबूतरी (D) कहे ईसुरी काग

71. तुलसीदास के जीवन को केंद्र में रखकर लिखा गया उपन्यास है:

(A) खंजन नयन (B) एकदा नैमिशरासये

(C) मानस का हंस (D) नाच्यो बहुत गुपाल

72. इनमें से किस उपन्यास में भारत विभाजन की त्रासदी का चित्रण हुआ है:

(A) तमस (B) मैला आँचल

(C) कब तक पुकारूँ (D) ज़िन्दगी नामा

73. *'पहल'* पत्रिका के संपादक इनमें से कौन हैं :

(A) नामवर सिंह (B) ज्ञानरंजन

(C) कमला प्रसाद (D) कमलेश्वर

74. हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र इनमें से कौन है:

(A) प्रजाहितैषी (B) बनारस अखबार

(C) हिन्दी प्रदीप (D) उदंत मार्तण्ड

75. इनमें से कौन-सी कहानी चंद्रधर शर्मा गुलेरी की नहीं है:

(A) हार की जीत (B) उसने कहा था

(C) सुखमय जीवन (D) बुद्धू का काँटा

76. इनमें से किस पत्रिका का सम्पादन प्रेमचन्द ने नहीं किया था:

(A) माधुरी (B) हंस

(C) जागरण (D) मतवाला

77. '*संसद से सड़क तक*' किसका काव्य-संग्रह है:

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (B) धूमिल

(C) मुक्तिबोध (D) शमशेर बहादुर सिंह

78. '*राष्ट्रगीत में भला कौन वह भारत-भाग्य विधाता है फटा सुथन्ना पहने जिसका गुन हरचरना गाता है*', किसकी पंक्तियाँ हैं:

(A) अज्ञेय (B) रघुवीर सहाय

(C) दिनकर (D) मुक्तिबोध

79. '*नाट्यशास्त्र*' के रचयिता हैं:

(A) मम्मट (B) भरतमुनि

(C) उदभट (D) भामह

80. भरतमुनि ने रसों की संख्या कितनी मानी है:

(A) 10 (B) 7

(C) 8 (D) 9

81. दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना किसने की थी:

(A) सी. राजगोपालाचारी (B) बी आर आंबेडकर

(C) महात्मा गाँधी (D) एस राधाकृष्णन

82. जो कई विषयों का जानकार हो, उसे कहते हैं:

(A) अज्ञ (B) सर्वज्ञ

(C) बहुज्ञ (D) इनमें से कोई नहीं

83. भारतीय संविधान की इस धारा के तहत देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया:

(A) 341 (B) 342

(C) 343 (D) 344

84. संविधान की आठवीं अनुसूची में इनमें से कौन-सी भाषा शामिल नहीं है:

(A) उर्दू (B) बोड़ो

(C) मैथिली (D) भोजपुरी

85. '*जूठन*' के लेखक हैं:

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि (B) मोहनदास नैमिशराय

(C) जयप्रकाश कर्दम (D) जगदीश चंद

86. '*मेरा बचपन मेरे कन्धों पर*' किसकी आत्मकथा है :

(A) कँवल भारती (B) श्योराज सिंह 'बेचैन'

(C) सूरजपाल चौहान (D) इनमें से कोई नहीं

87. निर्मला पुतुल किस भाषा में लिखती हैं:

(A) बांग्ला (B) डोंगरी

(C) संथाली (D) मैथिली

88. '*माटी की मूरतें*' की विधा है:

(A) रेखाचित्र (B) कहानी

(C) निबंध (D) उपन्यास

89. '*Republic*' के लेखक हैं:

(A) अरस्तू (B) प्लेटो

(C) वर्ड्सवर्थ (D) क्रोचे

90. द्वंद्वात्मक भौतिकवाद का सम्बन्ध किससे है :

(A) कार्ल मार्क्स (B) हीगल

(C) कोलरिज (D) जार्ज लूकाज

91. '*मलबे का मालिक*' कहानी के लेखक हैं:

(A) अमरकांत (B) भीष्म साहनी

(C) धर्मवीर भारती (D) मोहन राकेश

92. Contract का हिन्दी समतुल्य है:
(A) निविदा (B) संविदा
(C) सहमति (D) इनमें से कोई नहीं

93. *'सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक'* किसका नाटक है:
(A) मोहन राकेश (B) विजय तेंदुलकर
(C) सुरेन्द्र वर्मा (D) धर्मवीर

94. *'ताम्बे के कीड़े'* किसकी एकांकी है:
(A) उपेन्द्र नाथ अश्क (B) लक्ष्मी नारायण लाल
(C) भुवनेश्वर (D) रामकुमार वर्मा

95. *'होरी'* किस उपन्यास के पात्र हैं?
(A) गोदान (B) मैला आँचल
(C) झूठा सच (D) डूब

96. *'उर्वशी'* काव्य की रचना किसने की?
(A) दिनकर (B) निराला
(C) महादेवी वर्मा (D) सुमित्रानंदन पन्त

97. *'गद्य जीवन संग्राम की भाषा है'* - किसका कथन है:
(A) जय शंकर प्रसाद (B) निराला
(C) महादेवी वर्मा (D) पंत

98. *'सुदामा चरित'* किसकी रचना है:
(A) नरसी मेहता (B) नरोत्तम दास
(C) परमानंद दास (D) चतुर्भुज दास

99. *'ग्लोबल गाँव का देवता'* उपन्यास का कथा क्षेत्र है:
(A) छत्तीसगढ़ (B) राजस्थान
(C) मध्यप्रदेश (D) झारखंड

100. 'रागदरबारी' उपन्यास किसने लिखा है?
(A) अज्ञेय (B) श्रीलाल शुक्ल
(C) प्रेमचंद (D) जयशंकर प्रसाद

****************